वाराणसी में रेलवे कर्मचारियों की पदावनति

1884. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पूर्वोत्तर रेलवे में वाराणसी हैड ट्रेन एग्जामिनर ग्रेड (रुपये 250-380) के बहुत से कर्मचारियों को कोई आरोप-पत्र जारी किये बिना पदावनत कर दिया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ;

(ग) क्या यह भी सच है कि संबंधित व्यक्तियों द्वारा दायर की गई अपीलें अभी तक उच्च अधिकारियों के पास नहीं पहुंची हैं ; और

(घ) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) से (घ). सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जायेगी।

गैर सरकारी स्थापनाओं को रेलवे सामग्री के क्रयादेश देना

1885. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि रेलवे ने माल डिब्बों, कास्ट आयरन स्लीपरों, स्टील केसिंग्स आदि के लिये सामग्री की सप्लाई के लिये कुछ गैर-सरकारी व्यापार स्थापनाओं और व्यापारियों को क्रयादेश दिये हैं ;

(ख) यदि हां, तो इन व्यापार स्थापनाओं के नाम क्या हैं और सामग्री के बारे में अलग-अलग ब्यौरा क्या है ; और

(ग) क्या इन व्यापार स्थापनाओं और व्यापारियों ने इस सामग्री की सप्लाई करने के लिये उनके मंत्रालय से अनुरोध किया था अथवा उनके मंत्रालय ने इस सामग्री की सप्लाई के लिये कुछ स्थापनाओं से टेंडर आमंत्रित किये थे ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी हां।

(ख) प्रत्येक वर्ष हजारों की संख्या में इस तरह के आर्डर दिये जाते हैं। अपेक्षित ब्यौरा 13 रेल-प्रशासनों/उत्पादन कारखानों से मंगाना होगा। इसमें जो समय और परिश्रम लगेगा, उसकी पूर्ति निकलने वाले परिणामों से नहीं हो पायेगी। फिर भी एक बार में 5,000 रुपये से अधिक मूल्य की खरीद का ब्यौरा 'इंडियन ट्रेड जर्नल" में प्रकाशित किया जाता है जो हर सप्ताह वाणिज्य मंत्रालय के वाणिज्य आसूचना और संख्यान विभाग, कलकत्ता द्वारा जारी किया जाता है।

(ग) जी नहीं। वर्तमान नियमों के अनुसार टेंडर मंगाने के बाद ही आर्डर दिये जाते हैं।

सूती कपड़े का निर्यात

1886. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **वाणिज्य** मंत्री 22 दिसम्बर, 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 5422 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1967 में गैर-सरकारी क्षेत्र में किन बड़ी कम्पनियों, फर्मों तथा व्यापारियों ने कपड़े का निर्यात किया है तथा वे कहां-कहां पर स्थित हैं ;

(ख) 1967 में सूती कपड़ा निर्यात करने वालों में से मध्य प्रदेश की सूती कपड़ा मिलों के नाम क्या हैं तथा वे किस-किस जिले में स्थित हैं ;

(ग) मध्य प्रदेश में निर्मित कितना कपड़ा किन-किन देशों को भेजा गया था ; और

(घ) चालू वर्ष में मध्य प्रदेश से कितने कपड़े का निर्यात किये जाने की सम्भावना है ?

वाणिज्य मंत्रालय में उप मंत्री (श्री मोहम्मद शफी कुरैशी) : (क) से (घ). जिस रूप में जानकारी मांगी गई है। उस